Regarding Railway related issues

श्री भरतभाई मनुभाई सुतारिया (अमरेली) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं ।

मेरे लोकसभा क्षेत्र अमरेली में हाल में मीटर गेज रेलवे लाईन है और ब्रॉड गेज की मंजूरी मिल चुकी है । इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं । ब्रॉड गेज लाईन मंजूर हो चुकी है, लेकिन इसका आज तक टेंडर नहीं हुआ है । यह लाईन अमरेली से जूनागढ़ तक है । सूरत, नवसारी, मुम्बई और अहमदाबाद में हमारे क्षेत्र के लोग बसते हैं लेकिन उनको यहां आने-जाने में दिक्कत होती है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि जल्दी से जल्दी इस लाईन का टेंडर निकलवाकर काम शुरू करवाएं । धन्यवाद ।